# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – कोतवाली कायमगंज

## दिनांक – 12.09.2026

**कोतवाली कायमगंज पुलिस  द्वारा लूट के अभियोग में वांछित 01अभियुक्त को 1,05,800/ रूपये व 01 मोबाइल फोन सहित किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री यमुना प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 223/26 धारा 309(4)/310(2)/317(3) बीएनएस में  वांछित अभियुक्त यश पुत्र सत्यप्रकाश उर्फ भूरे निवासी नोनियमगंज कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़ को मुखबिर की सूचना पर 1,05,800/- रूपये व 01 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

01. यश पुत्र सत्यप्रकाश उर्फ भूरे निवासी नोनियमगंज कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़ ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-** दिनांक 27.08.2026 को वादी मुकदमा श्री पंकज शर्मा पुत्र श्री महेश चन्द्र शर्मा निवासी पृथ्वी  दरवाजा कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़ द्वारा दिये गये प्रा0पत्र बाबत् नरायण टुबैको कम्पनी, लालपुर कायमगंज के गोदाम के गेट पर दो लोगों द्वारा काले रंग की मोटर साइकिल से वादी को टक्कर मारकर गिरा देना और पैसों से भरा बैग लेकर भाग जाने के सम्बन्ध में कोतवाली कायमगंज पर को मु0अ0सं0 223/26 धारा 309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर घटना के सफल अनावरण हेतु 05 टीमें घटित कर विवेचना के क्रम में सीसीटीवी फुटेज, आदि साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकाश में आये 07 अभियुक्तों मे से 06 अभियुक्तों को दिनांक 28.08.2026 को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से 01 मोटरसाइकिल, 07 मोबाइल फोन तथा 6,70,000/- रूपये बरामद कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है। विवेचना के क्रम में कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित शेष 01 अभियुक्त यश पुत्र सत्यप्रकाश उर्फ भूरे निवासी नोनियमगंज कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से 1,05,800( एक लाख पाँच हजार आठ सौ रूपये) व 01 मोबाइल फोन बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण –** पूछताछ करने पर अभियुक्त यश उपरोक्त ने बताया कि मैंने और मेरे साथियों ने मिलकर रैकी कर सत्यप्रकाश अग्रवाल के मुनीम से उसकी गोदाम के सामने रूपयों की बोरी जो गोदाम के लेबर को बांटी जानी थी। उस बोरी को हम लोगों ने दिनांक 27.08.2026 को लूट लिया था तथा अगले दिन हम लोगों ने रूपयों का बटबारा कर लिया था मेरे हिस्से में एक लाख 30 हजार रूपये आये थे। मैं अपना हिस्सा लेकर वहाँ से चला गया था, तभी पुलिस ने मेरे साथियों को पकड़ लिया था। मुझसे गलती हो गयी मुझे माफ कर दो।

**अभियुक्त यश उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –**

01. मु0अ0सं0 124/2026 धारा 118(1)/131/351(3)/352 बीएनएस कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़
02. मु0अ0सं0 223/26 धारा 309(4)/310(2)/317(3) बीएनएस कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़

**बरामदगी का विवरण:-**

1- 1,05,800/- रूपये नगद
2- 01 मोबाइल

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली कोतवाली कायमगंज पुलिस टीम-**

01. प्र0नि0 श्री विनोद कुमार शुक्ल
02. उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार
03. हे0का0 मुकेश बघेल
04. का0 विजय कुमार
05. का0 सचिन कुमार
06. का0 अविनाश

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**